विज्ञापन संख्या–01/26

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

## पारा विधिक स्वंय सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

## (यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

## (यह स्वैच्छिक सेवा है, वैतनिक पद नहीं है)

कौन आवेदन कर सकता हैः–

ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरूष/ट्रांसजेंडर) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हैं,आवेदन कर सकते हैं। इनमें शिक्षक (सेवा निवृत्त शिक्षक सहित), सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति (अधिवक्ता को छोड़कर)जो स्वयं सेवा में रूचि रखते हैं, आवेदन कर सकते हैं।

पूर्व में चयनित पारा विधिक स्वयं सेवक भी पुनः आवेदन कर सकते हैं।

पारा विधिक स्वयंसेवक के कार्यः–

पारा विधिक स्वयंसेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए, पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सौंपे जायें, करना है।

पदों की संख्याः– 48 ( अडतालीस ) ।

रिक्तियों की संख्या बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तित की जा सकती है। रिक्तियों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के पास सुरक्षित रहेगा। जिले के बाहर के निवासियों के आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे।

आरक्षणः–

चूँकि पारा विधिक स्वयंसेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है, अतः पदों का आरक्षण नहीं है।

शैक्षणिक योग्यताः– उम्मीदवार को साक्षर होना चाहिए। मैट्रिक पास उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उम्रः– 01.01.2026 को न्यूनतम 18 वर्ष।

मानदेय :–

रू0 750/– प्रतिदिन। (यह मानदेय केवल उन दिनों के लिए देय होगा जिस दिन के लिये विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई कार्य करने हेतु सौंपती है)।

सामान्य अनुदेश :–

(1) आवेदक भारत का नागरिक हो तथा मुजफ्फरपुर का निवासी हो।

(2) शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो।

(3) अच्छे चरित्र का हो। समाज सेवा में रूचि रखता हो।

(4) किसी न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध न किया गया हो तथाउसके विरूद्ध कोई आपराधिक या दिवानी मुकदमा लंबित न हो, इस आशय का घोषणा–पत्र आवेदन के साथ जमा करेंगे।

विज्ञापन की तिथिः– 21.01.2026 ।
कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथिः– 10.02.2026 ।

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति लगाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में दिनांक 10.02.2026 (संध्या 5:30 बजे तक) डाक से/हाथों हाथ जमा कर सकते हैं। इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदक अपने आवेदन पर अपना फोन/मोबाईल नंबर (यदि कोई हो तो) अवश्य लिखेंगे। आवेदन प्रपत्र में किसी तरह की त्रुटि पाये जाने पर उस आवेदन को बिना सूचना के खारिज किया जा सकता है।

अनुलग्नकः–

1. आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र (स्वअभिप्रमाणित) लगाकर अद्योहस्ताक्षरी के पास हाथों–हाथ/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/साधारण डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।
2. आवेदन पत्र के साथ अपना आचरण प्रमाण–पत्र भी आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे जो विगत छः माह से पूर्व का न हो।
3. इस आशय का शपथ–पत्र भी संलग्न करेंगे कि उन पर किसी प्रकार का कोई मामला न्यायालय में विचाराधीन नहीं है तथा उन्हें पूर्व में किसी मामले में न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध नहीं किया गया है।
4. आधार कार्ड का स्पष्ट छायाप्रति।

आवेदन भेजने का पता :–

सेवा मे,
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय प्रांगण,
मुजफ्फरपुर ।
पिन कोड–842001

नोटः– अभ्यर्थी नियमित रूप से muzaffarpur.bih.nic.in तथा व्यवहार न्यायालय, मुजफ्फरपुर के वेबसाईट muzaffarpur.dcourts.gov.in का अवलोकन करते रहेंगे ताकि विज्ञापन संबंधि अद्यतन सूचना उनको स–समय मिल सके।

विज्ञापन संख्या–01/26

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

पारा विधिक स्वयंसेवक के चयन हेतुआवेदन प्रपत्र।

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)
(यह स्वैच्छिक सेवा है, वैतनिक पद नहीं है)

| आवेदक का पासपोर्ट साइज का स्वअभिप्रमाणित छायाचित्र |
|---|

1. आवेदक का नाम :
2. लिंग : (महिला/पुरूष/ट्रांसजेंडर)
3. जन्म तिथि :
4. दिनांक 01.01.2026 को उम्र :
5. पिता/पति का नाम :
6. स्थायी पता :
7. वर्त्तमान पता :
8. शैक्षणिक योग्यता :
9. अन्य योग्यता :
10. मोबाईल नं० (Whatsapp no.) :
11. आवेदक की श्रेणी : (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा/ट्रांसजेंडर/ EWS /दिव्यांग या अन्य)।
12. अनुभव (यदि कोई हो तो) :
13. क्या आप किसी आपराधिक मामले में आरोपी/दोषसिद्ध हैं ? : (हाँ/नहीं)
14. जिले के किस प्रखण्ड में कार्य करना चाहते हैं ? :

घोषणा

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दिए गए विवरण एवं तथ्य मेरी जानकारी में सत्य, पूर्ण एवं सही है। यदि आवेदन में दिए गए कोई भी विवरण/तथ्य मिथ्या पाए जाते हैं तो विधि के अंतर्गत उचित कार्रवाई एवं दण्ड के लिए स्वयं उत्तरदायी होंऊंगा/होऊंगी तथ पी०एल०वी० के रूप में कार्य करने पर किसी प्रकार की अयोग्यता होने पर या स्थिति/पद का दुरूपयोग करने पर पी०एल०वी० के रूप में मेरी सेवा समाप्त की जा सकती है।

तिथि– आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान–

विज्ञापन संख्या–01/26

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

पारा विधिक स्वंय सेवक के चयन हेतु

## साक्षात्कार पत्र।

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

(यह स्वैच्छिक सेवा है, वैतनिक पद नहीं है)

(कार्यालय प्रति)

क्रमांक.........................................

(कार्यालय उपयोग के लिए)

| आवेदक का पासपोर्ट साइज का स्वअभिप्रमाणित छायाचित्र |
|---|

(निम्न विवरण आवेदक के द्वारा भरे जायेगें)

1. आवेदक का नाम :
2. लिंग : महिला/पुरूष/ट्रांसजेंडर )
3. जन्म तिथि :
4. दिनांक 01.01.2026 को उम्र :
5. पिता/पति का नाम :
6. स्थायी पता :
7. वर्त्तमान पता :

आवेदक का हस्ताक्षर

<u>केवल कार्यालय उपयोग के लिए</u>

साक्षात्कार की तिथि– समय– स्थान–

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार

विज्ञापन संख्या–01/26

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुजफ्फरपुर

पारा विधिक स्वंय सेवक के चयन हेतु

## साक्षात्कार पत्र

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

(यह स्वैच्छिक सेवा है, वैतनिक पद नहीं है।)

(आवेदक की प्रति)

क्रमांक.......................................
(कार्यालय उपयोग के लिए)

आवेदक का पासपोर्ट साइज का स्वअभिप्रमाणित छायाचित्र

(निम्न विवरण आवेदक के द्वारा भरे जायेगें)

1. आवेदक का नाम :
2. जन्म तिथि
3. पिता/पति का नाम :
4. मोबाईल नम्बर (whatsapp) :
5. स्थायी पता :
6. पत्राचार का पता :

जिला– राज्य– पिनकोड–

7. जिले के किस प्रखण्ड में कार्य करना चाहते हैं ?:-

आवेदक का हस्ताक्षर

<u>केवल कार्यालय उपयोग के लिए</u>

साक्षात्कार की तिथि– समय– स्थान–

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
मुजफ्फरपुर